संत अवध कीर्ति नारायण डिग्री महाविद्यालय

कीर्ति नगर, मधेपुरा

(भू० ना० मंडल विश्वविद्यालय द्वारा स्थायी सम्बन्धन प्राप्त इकाई)

प्रधानाचार्य

Mob. - 9431892855

E-mail - sakndcollegebnmu@gmail.com

पत्रांक - SA-01/24 दिनांक : 02/01/2023

सेवा में,

कुल सचिव,

भू० ना० मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा।

विषयः—अधिसूचना निर्गत करने के संबंध में।

प्रसंगः—बिहार सरकार उच्च शिक्षा विभाग के पत्रांक— 14/ए.एफ.—01/ 2016—2455 दिनांक —26.12.2023

महाशय,

उपरोक्त प्रसंगाधीन विषय के संदर्भ में कहना है कि बिहार सरकार उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संत अवध कीर्ति ना0 डिग्री महाविद्यालय, मधेपुरा को विज्ञान संकाय में शैक्षेणिक सत्र—2023—26 से स्थायी संवंधन की स्वीकृति प्रदान की गयी है। (पत्र संलग्न)

अतः श्रीमान् से निवेदन है कि विश्वविद्यालय स्तर से अधिसूचित करते हुए उक्त सत्र में नमांकन की स्वीकृति प्रदान करने की कृपा की जाय।

प्रतिलिपिः—

1. परीक्षा नियंत्रक, बी.एन.एम.यू. मधेपुरा।
2. नोडल पदाधिकारी, बी.एन.एम.यू.,मधेपुरा।

विश्वासभाजन

देवप्रकाश 02/01/024

(डॉ0 देवप्रकाश)

प्रधानाचार्य

एस.ए.के.एन. डिग्री कॉलेज,मधेपुरा।

PRINCIPAL S.A.K.N. DEGREE COLLEGE

Scanned with OKEN Scanner

पत्रांकः—14/ए०एफ०—01/2016
बिहार सरकार
उच्च शिक्षा, शिक्षा विभाग

प्रेषक,

संजय कुमार,
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,
बी० एन० मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा।

पटना, दिनाँक......./......./2023

विषयः— संत अवध कृति नारायण डिग्री महाविद्यालय, मधेपुरा को स्नातक विज्ञान संकाय के विभिन्न विषयों में पास एवं प्रतिष्ठा स्तर तक सत्र 2023—26 से स्थायी संबंधन प्रदान करने के संबंध मे।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक—GS(469/95-part file)-350/23 दिनांक—05.03.2023 के संबध में निदेशानुसार कहना है कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 की धारा 21 (2) (d) के अधीन एवं राज्यपाल सचिवालय द्वारा निर्गत परिनियम 1098 दिनांक—19.04.1986, पत्रांक 3196 दिनांक—14.12.2017 एवं पत्रांक—3074 दिनांक—25.10.2019 के आलोक में संत अवध कृति नारायण डिग्री महाविद्यालय, मधेपुरा को स्नातक विज्ञान संकाय के विभिन्न विषयों में पास एवं प्रतिष्ठा स्तर में निम्न प्रस्तावित विषयों में शैक्षणिक सत्र में 2023—2026 से स्थायी संबंधन प्रदान करने की सहमति प्रदान की जाती हैः—

	संकाय	विषय
01	स्नातक विज्ञान (पास एवं प्रतिष्ठा)	भौतिकी, रसायनशास्त्र, वनस्पति विज्ञान, जन्तुविज्ञान, गणित एवं भूगर्भशास्त्र। (कुल 06 विषयों में)

प्रस्ताव पर अपर मुख्य सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन
ह०/—
(संजय कुमार)
सरकार के संयुक्त सचिव।

Attested
Aeeforakash
02/01/2023
PRINCIPAL
S.A.K.N. DEGREE COLLEGE

पत्रांकः—14/ए०एफ०—01/2016 — 2455 पटना, दिनांक—26/12/2023

प्रतिलिपिः—निदेशक (उच्च शिक्षा) शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/सचिव, संत अवध कृति नारायण डिग्री महाविद्यालय, मधेपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. आई० टी० मैनेजर, शिक्षा विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

26.12.23
सरकार के संयुक्त सचिव।

S_AF_124

भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय

लालूनगर, मधेपुरा – 852 113 (बिहार)

पत्रांक : ....

दिनांक : ....

सेवा में,

निदेशक (उच्च शिक्षा),
शिक्षा विभाग, बिहार सरकार,
नया सचिवालय, पटना।

विषय :– संत अवध कीर्ति नारायण डिग्री महाविद्यालय, मधेपुरा को स्नातक विज्ञान संकाय के पूर्व में अस्थायी संबंधन प्राप्त विषयों में स्नातक पास एवं प्रतिष्ठा स्तर तक स्थायी सम्बन्धन प्रदान करने के सम्बन्ध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार सूचित करना है कि संत अवध कीर्ति नारायण डिग्री महाविद्यालय, मधेपुरा को स्नातक कला एवं वाणिज्य संकायों में प्रतिष्ठा स्तरीय स्थायी संबंधन प्राप्त है। इस महाविद्यालय को स्नातक विज्ञान संकाय के पूर्व में अस्थायी संबंधन प्राप्त नीचे वर्णित विषयों में चालू सत्र से स्नातक पास एवं प्रतिष्ठा स्तर तक स्थायी सम्बन्धन प्रदान करने के प्रस्ताव पर राज्यपाल सचिवालय द्वारा निर्गत निदेश के तहत् अधिनियम एवं परिनियम का पालन करते हुए विहित प्रक्रिया के अनुरूप परिनियमित समिति यथा संबंधन एवं नवशिक्षण कार्यक्रम समिति की बैठक दिनांक–09.01.2023 के कार्यावली सं0–06 में अनुशंसा की गयी। तदोपरांत अधिनियमित समितियाँ यथा विद्वत परिषद् की बैठक दिनांक–16.01.2023 के कार्यावली सं0–09, अभिषद् की बैठक दिनांक–04.02.2023 के कार्यावली सं0–03 एवं अधिषद की बैठक दिनांक–17.02.2023 के कार्यावली सं0–08 (04) में अनुमोदन प्रदान किया गया है –

विज्ञान संकाय – भौतिकी, रसायनशास्त्र, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित, एवं भूगर्भशास्त्र।

अतः निरीक्षण प्रतिवेदन (अनुलग्नक सहित), संबंधन एवं नवशिक्षण कार्यक्रम समिति, विद्वत परिषद्, अभिषद् एवं अधिषद के कार्यवृत की प्रति संलग्न करते हुए अनुरोध है कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 (अद्यावधि संशोधित) की धारा–21 (2) (डी) के तहत् संत अवध कीर्ति नारायण डिग्री महाविद्यालय, मधेपुरा को विज्ञान संकाय के उपर वर्णित विषयों में विश्वविद्यालय की अनुशंसा के आलोक में स्नातक पास एवं प्रतिष्ठा स्तर तक चालू सत्र स्थायी संबंधन प्रदान करने के प्रस्ताव में राज्य सरकार की सहमति प्राप्त कर अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन
ह0/–
कुलसचिव

अनुलग्नक – यथोक्त।

ज्ञापांक–जी.एस.(469/95–Part File-1)–350/23 / दिनांक–05/3/23 /

प्रतिलिपि :–

1. प्रधानाचार्य/सचिव, संत अवध कीर्ति नारायण डिग्री महाविद्यालय, मधेपुरा।
2. महाविद्यालय निरीक्षक (द्वय)/परीक्षा नियंत्रक/उपकुलसचिव (पंजीयन), भू0 ना0 मंडल वि0 वि0, मधेपुरा।
3. कुलपति के निजी सहायक/कुलसचिव के आशुलिपिक ग्रेड–1, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

05/03/23
कुलसचिव

05/3/23

Scanned with OKEN Scanner